राधे रानी आई रे

राधे रानी आई रे……महारानी...
आगे-आगे ललिता पीछे विशाखा है
बीच में राधे आई रे…….महारानी....

माथ राधे के टीका सोहे, बिन्दिया पे मन मेरा है -2
बिन्दिया पे बहार आई रे……..महारानी
आगे-आगे ललिता……….

कान राधे के झुमका सोहे, नथनी पे मन मेरा है -2
झुमका पे बहार आई रे……महारानी
आगे-आगे ललिता……….

गल राधे के हरवा सोहे, माला पे मन मेरा है -2
माला पे बहार आई रे……….महारानी
आगे-आगे ललिता……….

हाथ राधे के चूड़ा सोहे, मेहंदी पे मन मेरा है -2
कँगने पे बहार आई रे………महारानी
आगे-आगे ललिता………..

अंग राधे के लहंगा सोहे, चुनरी पे मन मेरा है -2
गोटे पे बहार आई रे……..महारानी
आगे-आगे ललिता……….

पैर राधे के पायल सोहे, बिछवों पर मन मेरा है -2
पायल पर बहार आई रे…………महारानी
आगे-आगे ललिता पीछे विशाखा है
बीच में राधे आई रे…….महारानी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22926/title/Radhe-rani-aayi-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |